web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 29 फरवरी 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 153

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लखनऊ में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से फूड डिलीवरी एजेंट की मौत

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक सडक़ दुर्घटना में ज़ोमैटो के लिए काम करने वाले एक फूड डिलीवरी एजेंट की मौत हो गई। पीड़ित की पहचान 30 वर्षीय अरविंद कुमार चौधरी के रूप में हुई है। वह मंगलवार रात घर लौट रहा था, जब उसके दोपहिया वाहन को काकोरी में आउटर रिंग रोड पर एक तेज रफ्तार वाहन ने कथित तौर पर टक्कर मार दी। चौधरी के हाथ-पैर कुचले हुए पाए गए और आशंका है कि हादसे के बाद दूसरे वाहन भी उसके ऊपर से गुजरे होंगे। मंगलवार आधी रात के बाद पुलिस को हादसे की सूचना दी गई। पीड़ित की पहचान घटनास्थल पर मिले उसके मोबाइल फोन से की गई। मामले की जांच कर रहे उपनिरीक्षक श्याम बाबू सिंह ने बताया, "मृतक के छोटे भाई ने क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान की।" सिंह ने कहा कि चौधरी जाहिर तौर पर घर लौट रहा था जब तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि घटना की जांच चल रही है।

### ईडी समन की अवहेलना में हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज केस पर सुनवाई पूरी, 4 मार्च को फैसला

**रांची (आरएनएस)।** समन की अवहेलना के आरोप में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ रांची में सीजेएम कोर्ट में दर्ज कराए गए कंप्लेन केस पर बुधवार को सुनवाई पूरी हो गई। अदालत ने इस मामले में फैसले के लिए 4 मार्च की तारीख मुकर्रर की है। ईडी की ओर से 20 फरवरी को दर्ज कराए गए केस में बताया गया है कि जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए उन्हें दस समन भेजे गए थे, लेकिन इनमें से मात्र दो समन पर वह उपस्थित हुए। यह पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत गैरकानूनी है। रांची के बडग़ाईं अंचल से संबंधित जमीन घोटाले को लेकर ईडी ने उन्हें पहली बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा था। इसके बाद 19 अगस्त, 1 सितंबर, 17 सितंबर, 26 सितंबर, 11 दिसंबर, 29 दिसंबर 2023 के अलावा 13 जनवरी, 22 जनवरी और 27 जनवरी 2024 को समन भेजे गए थे। दसवें समन पर उनसे 31 जनवरी को पूछताछ हुई थी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

### पाकिस्तान में अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी बस, 10 लोगों की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान में एक भयानक सडक़ हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, रात के अंधेरे में पहाडिय़ों से गुजर रही एक बस तेज रफ्तार से चल रही थी। अचानक एक मोड़ पर बस चालक नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस सीधे खाईं में पलटते हुए जा गिरी। जैसे ही बस अनियंत्रित हुई वैसे ही उसमें बैठे लोगों के बीच हाहाकार मच गया। जब तक कुछ लोग समझ पाते तब तक कई लोग अपनी जान गवां चुके थे। अन्य लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। रात में हादसा होने की वजह से लोगों तक मदद पहुंचने में भी देर हुई। किसी तरह लोगों को स्थानीय जनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी है।

### नाइजीरिया में इमारत ढहने से 6 लोगों की मौत

**अबुजा ।** नाइजीरिया के दक्षिण-पूर्वी राज्य अनंबरा के बाजार में एक निर्माणाधीन इमारत बीती रात में ढह गई, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राज्य के वाणिज्यिक शहर ओनित्शा के ओडु-इम्बो बाजार में अन्य जीवित बचे लोगों की तलाश की जा रही है। अनाम्बरा राज्य के गवर्नर चार्ल्स सोलुडो ने मंगलवार को बाजार के दौरे के दौरान संवाददाताओं से कहा कि ढही हुई इमारत सरकार की मंजूरी के बिना एक निजी डेवलपर द्वारा बनाई गई थी। सोलुडो ने घटना को दुखद बताते हुए ने राज्य में अवैध निर्माण के मुद्दे से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नाइजीरिया में इमारतों के ढहने के मामले आम हैं और स्थानीय विशेषज्ञ इसका दोष पुरानी संरचनाओं, भवन नियमों का पालन न करने और निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल को देते हैं।

## द इको फैक्ट्री फाउंडेशन के शाश्वत भारत सेतु केंद्र का नितिन गडकरी ने किया उद्घाटन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में भारत के पहले शाश्वत भारत सेतु - विनिंग नेट जीरो एग्जिबिट का उद्घाटन किया। इसका निर्माण द इको फैक्ट्री फाउंडेशन (टीईएफएफ) द्वारा किया गया है। यह सेंटर लोगों से लेकर ग्रह तक पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली, समाधान और पद्धतियों का प्रदर्शन करके अत्याधुनिक अनुभव प्रदान किया जाता है, जो नेट जीरो इंडिया का लक्ष्य हासिल करने के अभियान का नेतृत्व कर सकते हैं।द इको फैक्ट्री फाउंडेशन पुणे के फाउंडर, आनंद चोरडिया ने 'अपशिष्ट से धन, जल प्रबंधन, ऊर्जा, संरक्षण' जैसी विभिन्न अवधारणाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कार्बन फुटप्रिंट कम करने के तरीकों, चक्रीय अर्थव्यवस्था के महत्व, ग्रामीण, शहरी, औद्योगिक और व्यक्तिगत क्षेत्रों में संवहनीयता हासिल करने और व्यापक रूप से नेट जीरो बनने की विधियों की भी जानकारी दी।उपस्थित जन-समूह को संबोधित करते हुए, गडकरी जी ने इस अनूठी पहल पर बधाई दी और इसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि, इस प्रकार का असाधारण एग्जिबिट प्रस्तुत करने के लिए द इको फैक्ट्री फाउंडेशन को बहुत-बहुत बधाई! शाश्वत भारत सेतु ने अत्यंत महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर ध्यान आकर्षित किया है जिससे हमारे पर्यावरण में और आगे हमारी पृथ्वी में नई जान आयेगी। शाश्वत भारत सेतु 'अपशिष्ट से धन' की अवधारणा का उदाहरण है। यह स्थायी समाधान प्रदान करता है जिससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि समुदायों के लिए कमाई के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह केंद्र भारत को एक नेट जीरो देश बनाने में योगदान के लिए पूरे राष्ट्र को प्रेरित करेगा। टीईएफएफ के संस्थापक, आनंद चोरडिया ने इस ऐतिहासिक पल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शाश्वत भारत सेतु - विनिंग नेट जीरो एग्ज़िबिट हमारे जागरूकता पैदा करने और हर किसी को आसानी से नेट जीरो तथा पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के इरादे से संचालित था। मेरा दृढ़ विश्वास है कि शाश्वत भारत सेतु सच्चा सेतु है जो भारत को नेट जीरो हासिल करने के लिए मार्गदर्शन करेगा। हमें आशा है कि यह केंद्र पर्यावरण के अनुकूल भविष्य की दिशा में इस अभियान में हमसे जुडऩे के लिए अनेक लोगों तक पहुँच कर उन्हें प्रोतसाहित करेगा।

## नौसेना ने समुद्र में पाल वाली एक नौका से जब्त किया 3,300 किलोग्राम ड्रग्स



**नई दिल्ली ।** आरएनएस

भारतीय नौसेना ने एक विशेष ऑपरेशन के दौरान एक पाल वाली नौका से नशीली दवाओं की सबसे बड़ी खेपों में से एक जब्त की है।

अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि भारतीय नौसेना ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के समन्वय से समुद्र में लगभग 3,300 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ ले जा रहे एक संदिग्ध पाल वाली नौका (डाऊ) को पकड़ा। इसमें 3,089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम मेथमफेटामाइन और 25 किलोग्राम मॉर्फिन था – जो हाल के दिनों में पकड़ा गया मात्रा के मामले में अब तक का सबसे बड़ा खेप है।

निगरानी मिशन पर पी8आई विमान के इनपुट के आधार पर मिशन पर तैनात जहाज को तस्करी में लगे संदिग्ध डाऊ को रोकने के लिए डायवर्ट किया गया था।

पकड़ी गई नाव और चालक दल के साथ प्रतिबंधित सामग्री को भारतीय बंदरगाह पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिया गया।

अधिकारी ने कहा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ भारतीय नौसेना की समन्वित प्रतिक्रिया देश के समुद्री पड़ोस में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ हमारे दृढ़ रुख को दर्शाती है।

अदन की खाड़ी और अरब सागर में चल रही समुद्री सुरक्षा स्थिति के जवाब में भारतीय नौसेना ने भी विशेष बलों की तैनाती की है।

अधिकारियों ने कहा कि नौसेना ने क्षेत्र में समुद्री डकैती रोधी अभियानों को जारी रखने के लिए अरब सागर में सी-130 विमानों से

## संदेशखाली मामले में हाईकोर्ट ने किया स्पष्ट, किसी भी राज्य या केंद्रीय एजेंसी को शाहजहां को गिरफ्तार करने का अधिकार

**कोलकाता (आरएनएस)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बुधवार को यह स्पष्ट कर दिया कि कोई भी जांच एजेंसी, चाहे वह राज्य या केंद्र सरकार के अधीन हो, फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तार करने का अधिकार रखती है। शाहजहां 5 जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ अधिकारियों पर हुए हमले का आरोपी मास्टरमाइंड है।

मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने सत्तारूढ़ दल के नेता की गिरफ्तारी से संबंधित मामले पर सुनवाई के दौरान यह बात कही।मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि हालांकि ईडी और सीएपीएफ अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस और सीबीआई की संयुक्त जांच टीम के गठन पर रोक है, लेकिन शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश ने किसी का नाम लिए बिना तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधियों और मंत्रियों के एक वर्ग द्वारा हाल ही में की गई सार्वजनिक टिप्पणी का भी उल्लेख किया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा रोक के कारण राज्य पुलिस शाहजहां को गिरफ्तार करने में असमर्थ है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि अदालत आरोपियों को बचा रही है। राज्य पुलिस जिम्मेदारी से बच नहीं सकती, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में उसके खिलाफ इतनी सारी एफआईआर दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

सुनवाई के दौरान ईडी के वकील धीरज त्रिवेदी ने तर्क दिया कि यदि राज्य पुलिस शाहजहां को गिरफ्तार करती है, तो ईडी के लिए बाद के चरण में उसकी रिमांड हासिल करना मुश्किल होगा और इसलिए वह मामले की स्वतंत्र सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने फिर से कहा कि राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों, दोनों को शाहजहां को गिरफ्तार करने का अधिकार है।

## दर्दनाक सड़क हादसा : त्यूणी अटाल मोटर मार्ग पर खाई में गिरी कार, 6 की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**विकासनगर (आरएनएस)।** उत्तराखंड में एक बार फिर दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ है। कार के गहरी खाई में गिरने से 5 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि एक आदमी गंभीर रूप से घायल है। यह दर्दनाक सडक़ हादसा देहरादून जिले के चकराता में त्यूणी अटाल मोटर मार्ग से गुजरते वक्त हुआ है। जानकारी के मुताबिक, दो महिलाओं और दो बच्चों सहित ये 7 लोग सुबह हिमाचल प्रदेश के पंद्राणु से त्यूणी के लिए आल्टो कार में सवार होकर निकले थे। हादसे की खबर मिलते ही त्यूणी थाना पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

रेस्क्यू टीम ने कई घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद 2 महिलाओं और 2 बच्चों सहित 6 लोगों के शव को बामुश्किल गहरी खाई से बाहर निकाल लिया गया। घटना में गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति को रेस्क्यू टीम ने गहरी खाई से बाहर निकालते हुए उपचार के लिए देहरादून हायर सेंटर रवाना कर दिया।

सभी मृतक और घायल ग्राम सेंज, पोस्ट ऑफिस पंद्राणु, तहसील जुब्बल, शिमला, हिमाचल प्रदेश के रहने वाले थे।

मृतकों का विवरण

1: संजू उम्र 35 वर्ष।

2: सूरज उम्र 35 वर्ष निवासी: उपरोक्त

3: शीतल पत्नी सूरज उम्र 25 वर्ष निवासी: उपरोक्त

4: सजंना पुत्री सविता देवी उम्र 21 वर्ष निवासी: उपरोक्त

5: दिव्यांश पुत्र जीत बहादुर उम्र 10 वर्ष निवासी: उपरोक्त

6: यश पुत्र सूरज उम्र 5 वर्ष निवासी: उपरोक्त

विवरण घायल:

जीत बहादुर पुत्र सुख बहादुर उम्र 36 वर्ष निवासी: उपरोक्त

## यात्रियों से भरी हुई बस नदी में गिरी, 31 लोगों की मौत



**बामाको ।** माली के परिवहन मंत्रालय ने फेसबुक पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि माली में पश्चिमी शहर केनीबा के पास एक यात्री बस नदी पर बने पुल से लहराती हुई नीचे गिर गई, जिससे बस में सवार कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई। बस बुर्किना फासो जा रही थी, जब शाम करीब पांच बजे वह पुल से गुजर रही थी तो यह दुर्घटना हुई। बस में मालियन और पश्चिमी अफ्रीकी उपक्षेत्र के कई नागरिक सवार थे। इसमें कहा गया, संभावित कारण ड्राइवर का वाहन को नियंत्रित करने में विफलता थी।

हादसे के बाद सरकार ने घोषणा की कि दक्षिणी माली में एक चालक ने एक यात्री बस से नियंत्रण खो दिया, जिससे कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। बता दें कि माली में मुख्य रूप से खराब सडक़ और वाहन की स्थिति के कारण सडक़ दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। इससे पहले 19 फरवरी को, मध्य माली में एक सार्वजनिक परिवहन बस और लॉरी के बीच एक यातायात दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 46 से अधिक घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के 2023 के आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया में यातायात से होने वाली मौतों में से लगभग एक चौथाई मौतें अफ्रीका में होती हैं।

## जया प्रदा फरार घोषित

**रामपुर (आरएनएस)।** अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा को यूपी के रामपुर की एक विशेष अदालत ने फरार घोषित कर दिया है, क्योंकि वह अपने खिलाफ दो मामलों की सुनवाई में हाजिर नहीं हुईं। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित है, जब वह रामपुर सीट से भाजपा की उम्मीदवार थीं।

सात बार गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद जया प्रदा कोर्ट के सामने पेश नहीं हुईं। न्यायाधीश शोभित बंसल की अध्यक्षता वाली एमपी- एमएलए विशेष अदालत ने अब पुलिस अधीक्षक को 6 मार्च तक अदालत में उनकी हाजिरी सुनिश्चित करने के लिए डिप्टी एसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाने का निर्देश दिया है। यह कानूनी प्रावधान तब लागू किया जाता है, जब कोई आरोपी व्यक्ति वारंट के बावजूद अदालत में पेश होने में विफल रहता है, जिससे उसकी हाजिरी सुनिश्चित करने के लिए उद्घोषणा प्रक्रिया शुरू होती है। जया प्रदा पहले राज्यसभा सांसद और फिर लोकसभा सांसद बनीं। वह 2019 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुई थीं।

## शादी समारोह में कढ़ी-चावल खाकर 50 लोगों की हालत बिगड़ी, एक की मौत

**भोजपुर (आरएनएस)।** बिहार में शादी में हल्दी की रस्म के दौरान कढ़ी-चावल खाने से दुल्हन समेत 50 लोगों की तबीयत खराब हो गई। इलाज के दौरान दुल्हन की दूर की चाची बसंती कुंवर (70) ने दम तोड़ दिया। 40 से ज्यादा लोगों का शहर के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दुल्हन की चाची शाहपुर थाना क्षेत्र इटवा गांव की रहने वाली थीं।

जानकारी के अनुसार, रविवार को हल्दी की रस्म पूरी होने के बाद सभी ने खाना खाया, जिसके बाद देखते-देखते दुल्हन समेत 50 से ज्यादा लोगों की तबीयत बिगडऩे लगी। दुल्हन के माता-पिता का भी इलाज चल रहा। बीमार हालत में ही मंगलवार को लडक़ी की शादी और विदाई हुई। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के इटवा गांव का है।

दुल्हन भी बीमार थी। इसी हालत में उसकी शादी करा दी गई। दुल्हन के पिता-माता और अन्य परिवार सदर अस्पताल में भर्ती हैं। शाहपुर रेफरल अस्पताल में 18 लोग और बाकी का निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। कार्यक्रम में रविवार को खाना खाने के बाद सभी की तबीयत बिगडऩे लगी थी। देखते-देखते बीमार लोगों की संख्या लगातार बढ़ती चली गई।

सभी को इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद इटवा गांव निवासी खुशबू सिंह, अंकुश कुमार, पूजा देवी, बसंती कुंवर, शेखर कुमार, अजीत सिंह, साक्षी सिंह, खुशी कुमारी, शकुंतला सिंह और भगमणि को इलाज के लिए शाहपुर रेफर अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया था।

## जापान ने विरोध के बावजूद फुकुशिमा परमाणु संयंत्र के दूषित जल को प्रशांत महासागर में छोड़ना शुरू किया



**टोक्यो ।** जापान ने बुधवार को फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रेडियोधर्मी विकिरण वाला दूषित पानी प्रशांत महासागर में छोडऩे का चौथा दौर शुरू कर दिया।

स्थानीय निवासियों और मछुआरों के विरोध के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की प्रतिक्रिया के बावजूद, संयंत्र के संचालक टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11:30 बजे रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल को महासागर में छोडऩा शुरू कर दिया।

पिछले तीन दौरों के समान, लगभग 7,800 टन अपशिष्ट जल, जिसमें अभी भी ट्रिटियम, एक रेडियोधर्मी पदार्थ है, लगभग 17 दिन में छोड़ा जाएगा।

देश में 11 मार्च 2011 को 9.0 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आई सुनामी से प्रभावित फुकुशिमा परमाणु संयंत्र को कोर मेल्टडाउन का सामना करना पड़ा, जिससे बड़ी मात्रा में विकिरण हुआ। इसके परिणामस्वरूप स्तर -7 परमाणु दुर्घटना हुई, जो अंतर्राष्ट्रीय परमाणु और रेडियोलॉजिकल घटना पैमाने पर सबसे अधिक थी।

रिएक्टर भवनों में परमाणु ईंधन को ठंडा करने से संयंत्र से रेडियोधर्मी पदार्थों से दूषित पानी की भारी मात्रा बन रही है, जिसे अब परमाणु संयंत्र में टैंकों में संग्रहीत किया जा रहा है।

## हिमाचल : क्रॉस वोटिंग करने वाले 6 कांग्रेस विधायकों की सदस्यता खतरे में, स्पीकर ने जारी किया कारण बताओ नोटिस




**शिमला (आरएनएस)।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस से बगावत कर क्रॉस वोटिंग करने वाले 6 कांग्रेस विधायकों की सदस्यता खतरे में है। सीएम सुक्खू ने स्पीकर से इन विधायकों को अयोग्य करने की मांग की है। स्पीकर कुलदीप पठानिया ने मामले की सुनवाई शुरू कर दी है और सभी छह विधायकों को नोटिस भी जारी कर दिया है। संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान की ओर से दिए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि ये विधायक व्हिप जारी करने के बावजूद सदन में नहीं आए। अब स्पीकर कुलदीप पठानिया को इस मामले में निर्णय लेना है।

कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं तथा जरूरत पडऩे पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किये जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा।